दिनांक 16.09.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीजों के घरों में स्टीकर चस्पा करने मिला प्रशिक्षण

भिलाई नगर/ कोरोना संक्रमित व्यक्तियों के कांटेक्ट ट्रैसिंग एवं होम आइसोलेशन में रह रहे व्यक्तियों के घर स्टीकर चस्पा करने कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे से प्राप्त निर्देश के तहत निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए थे! जिसके तहत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत ऐसे कोरोना पॉजिटिव मरीज जो अपने घरों में रहकर इलाज करा रहे हैं ऐसे लोगों के घरों में लाल रंग का स्टीकर लगाया जाएगा! जिसके लिए आज नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में डिप्टी कलेक्टर प्रियंका वर्मा , नोडल अधिकारी (आईडीएसपी) डॉ अर्चना, डॉ एस के जांगड़े ने प्रशिक्षण दिया! प्रशिक्षण में उपायुक्त तरुण पाल लहरें , जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं प्रीति सिंह मौजूद थी! सिटी प्रोग्राम मैनेजर तुषार वर्मा ने प्रोजेक्टर के माध्यम से स्टीकर लगाने से संबंधित जानकारी प्रदाय की! श्री वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग एवं निगम की संयुक्त टीम अब ऐसे कोरोना पॉजिटिव मरीज जो होम आइसोलेशन में रहकर अपना इलाज करा रहे हैं उनके घरों में लाल रंग का स्टीकर चस्पा करने का कार्य करेंगे , इसके साथ यह दल सैनिटाइजेशन कार्य का अवलोकन करेगी! लक्षण युक्त मरीज , गंभीर मरीज और बिना लक्षण वाले कोरोना पॉजिटिव मरीज को वर्ग वार अलग कर सूचीबद्ध करते हुए रिपोर्ट तैयार करेगी! कोरोना पॉजिटिव मरीज के संपर्क में आए हुए हाई रिस्क कांटेक्ट एवं लो रिस्क प्राइमरी कांटेक्ट के बारे में जानकारी एकत्रित करेगी! लक्षण वाले मरीजों का कोरोना जांच किया जाएगा ! स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर , ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक और निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारियों को इस बाबत प्रशिक्षित किया गया!

बाहर से आए हुए 10709 लोगों के घरों में लगा स्टीकर निगम भिलाई क्षेत्र में बाहर राज्य से आने वाले 10709 लोगों को होम आइसोलेट किया जा चुका है!